मिशन शक्ति का पांचवां चरण आज से शुरू होगा

12 विभागों को महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान स्वावलम्बन का जिम्मा

- महिला स्वास्थ्य हेल्पलाइन की होगी शुरुआत

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। प्रदेश सरकार मिशन शक्ति के पांचवें चरण की शुरुआत नवरात्र के पहले दिन गुरुवार से करने जा रही है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन को लेकर कई नई योजनाओं की घोषणा कर सकते हैं। इसके लिए गृह समेत 12 विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

योगी सरकार वर्ष 2020 में 17 अक्तूबर को प्रदेश में मिशन शक्ति की शुरुआत की थी। दूसरा चरण 26 फरवरी, 2021, तीसरा चरण 21 अगस्त, 2021 और चौथा चरण 14 अक्टूबर, 2022 को शुरू किया गया था। पांचवें चरण की शुरुआत पर हर जिले में मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी बनाए गए पुलिस अधिकारी ऑनलाइन जुड़ेंगे। इस दिन लखनऊ के साथ ही प्रदेश के सभी कमिश्नरेट व जिलों में महिला सशक्तीकरण रैली निकाली जाएगी।

1090 चौराहे पर विमेंस फेस्ट का आयोजन होगा

लखनऊ में 1090 चौराहे पर विमेंस फेस्ट का आयोजन होगा। महिला स्वयं सहायता समूह की ओर से तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी और स्टॉल लगाए जाएंगे। महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए जागरुकता कार्यक्रम भी होंगे। विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य हेल्पलाइन शुरू की जाएगी। इसे 'महिला स्वास्थ्य लाइन' नाम से लांच किया जाएगा। यह हेल्पलाइन 1090 की तर्ज पर होगी। इस हेल्पलाइन के जरिए महिलाओं को स्त्री रोग विशेषज्ञों के साथ टेली-परामर्श की सुविधा भी मिलेगी। इससे खासकर ग्रामीण महिलाओं को दूर-दराज के अस्पतालों या क्लीनिकों के चक्कर लगाने से छुटकारा मिल जाएगा।